हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 शौर्य चक्र विजेता भोजराम साहू का गृहग्राम में सम्मान



10 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत, गणवेश...





## खबर संक्षेप

### सरपंच को धमकी भरा पत्र पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**अंडा।** ग्राम पंचायत विनायकपुर में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा पंचायत भवन में धमकी भरा पत्र का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत विनायकपुर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग को लिखित शिकायत सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मई को ग्राम पंचायत भवन के दरवाजे पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक पत्र छोड़ दिया गया। पत्र में ग्राम पंचायत के सरपंच को जान से मारने की धमकी दी गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों में चिंता का माहौल है। ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार ने पुलिस अधीक्षक को भेजे गए आवेदन में बताया कि इस प्रकार की घटना से पंचायत के कार्यों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है तथा जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पंचायत की ओर से पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

**बालोद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026–27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा परिणाम घोषित की गई है। आदिवास विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन रविवार 10 मई को आयोजित की गई थी। प्राक्चयन परीक्षा पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाईट पर जारी की गई है। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाईट पर विद्यार्थी अपना रोल नंबर एवं मोबाईल नंबर प्रविष्ट कर प्राप्तांक का अवलोकन कर सकते हैं।

### जिले के छात्रावासों और आश्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बालोद।** जिले में संचालित 57 प्री मैट्रिक, 13 पोस्ट मैट्रिक, 16 आश्रम एवं 01 क्रीडा परिसर सहित कुल 87 छात्रवास, आश्रमों में छात्र–छात्रओं का प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि बालोद जिले में अध्ययनरत आरक्षित वर्ग के कक्षा पहली से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत छात्र–छात्राएं 31 जुलाई तक अध्ययनरत शाला के समीपस्थ स्थित छात्रवास, आश्रमों के अधीक्षकों से संपर्क स्थापित कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ संस्था में प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात प्रवेश प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी।

### 21 जून को होगी स्कूल बसों की जांच

**बालोद।** परिवहन विभाग के द्वारा बालोद जिले में संचालित सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में उपलब्ध बसों की जाँच एवं चालकों तथा परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण जिला परिवहन कार्यालय मैदान में 21 जून को सुबह 08 बजे से किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के सभी शासकीय एव निजी स्कूलों में उपलब्ध बसों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही बस चालक एवं परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के आरसी, फिटनेस, प्रदुषण प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस, परमिट एवं वाहन चालक के लायसेंस, आईडीटीआर रायपुर में प्रशिक्षण प्राप्त सर्टिफिकेट आदि समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान ▶▶| शेष पेज 10

## सियासत : स्कूलों की व्यवस्था और शिक्षा नीति पर उठाए सवाल

# पलारी शपथ ग्रहण समारोह में भूपेश बघेल का सरकार पर हमला, कहा- जनता ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी








हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी की जनता ने प्रदेश की जनता की मंशा बता दी। नगरीय निकायो में जहां भाजपा के अध्यक्ष है वहां भी कार्य नही हो रहा है। जहां भाजपा के अध्यक्ष है उन निकायों से अधिक कार्य पलारी में होगा।

■ क्रिकेट बॉक्स निर्माण के लिए 15 लाख की घोषणा

उक्त बाते नगर पंचायत पलारी में आयोजित नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदो के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कही। भूपेश बघेल ने सरकारी विद्यालयो में कई प्राथनाओ को कराने के आदेश पर प्रदेश सरकार से पूछा कि यह आदेश सरकारी स्कूलो के लिए ही है कि निजी विद्यालयो के लिए भी। भूपेश बघेल ने प्रदेश सरकार से पूछा कि बार–बार बिजली बिल क्यो बढ़ा रहे है। सरकार प्रदेश की जनता को मौसम, डीजल, पेट्रोल व खाद की सही जानकारी बताए। भूपेश बघेल ने कहा स्कूलो में तैयारी नही की गई और स्कूल खोल दिए। इसीलिए पहले ही दिन से स्कूलो में तालाबंदी लगने की स्थिति है। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार बच्चों का भविष्य खराब कर रही है। आत्मानंद स्कूलो को बंद करने का 'षड़यंत्र रच रही है। भूपेश बघेल ने कहा आज किसान परेशान है, सोसायटी का चक्कर लगा रहा है पर खाद नही मिल रहा है। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार षड़यंत्र कर रही है कि किसान 21 क्विंटल धान का उत्पादन ही न कर सके।

सभा मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा सरकार के मध्य में होने वाले चुनाव हमेशा सत्ता पक्ष में परिणाम जाता है, लेकिन पलारी सहित प्रदेश में हुए अन्य चुनावो में बहुसंख्यक कांगेस के लोग ▶▶| शेष पेज 10 पर

### भीड़ उमड़ी जगह छोटी पड़ी

धमतरी विधायक ओंकार साहू, डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, पुर्व मंत्री शिव डहरिया ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थिति यह रही कि सभा स्थल छोटा पड़ गया। ग्रामीण खड़े होकर ता कई जमीन पर बैठकर या सड़को में खड़े रहकर शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। समारोह समाप्त होने के बाद भूपेश बघेल व अन्य अतिथि जाने लगे थे, लेकिन जनता अपने स्थल पर ही डटी रही। समारोह में अध्यक्ष यानेश साहु सहित 10 कांग्रेस के पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान नगरी विधायक अंबिका मरकाम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मण्डावी, नगरी पूर्व विधायक लक्ष्मी धुरव, कुरूद पूर्व विधायक लेखराम साहू, वयोवृद्ध नेता केशरी चन्द्राकर, पूरन साहू अतिथि के रूप में मंच पर थे।

## नवगठित नगर पंचायत पलारी की पहली परिषद ने ली शपथ, अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेस पार्षद हुए पदस्थ




**गुरूर।** नवगठित नगर पंचायत पलारी में पहली नगर की सरकार ने शपथ ग्रहण किया। अध्यक्ष यानेश साहू सहित 10 कांग्रेस के पार्शदो ने शपथ ग्रहण किया। 5 भाजपा के पार्शदों ने शपथ ग्रहण से दूरी बनाई। अध्यक्ष यानेश साहू सहित कांग्रेस के पार्षद वार्ड एक प्रकाश साहू, वार्ड चार तिरथ साहू, वार्ड पांच राजेश यादव, वार्ड छः तुलेश्वरी निषाद, वार्ड सात पुर्णेश्वर अडिल, वार्ड आठ श्याम बाई साहू, वार्ड नौ प्रेमनारायण साहू, वार्ड दस परमानंद सेन, वार्ड बारह प्रवीण सोनकर एवं वार्ड चौदह भुनेश्वर ठाकुर ने शपथ ग्रहण की किया। अनुविभागीय अधिकारी आरके सोनकर ने उन्हे शपथ ग्रहण कराया। जिले के नगरीय निकायो में पलारी अकेली निकाय है जहां कांग्रेस की सत्ता बैठी है। शेष 7 में भाजपा काबिज है व एक में भाजपा के बागी का कब्जा है। ढ़ाई साल बाद जिला के कांग्रेस कार्यकर्ताओ को जश्न मनाने का अवसर पलारी की जनता ने दिया है। यह शपथ ग्रहण समारोह ने दिखा भी दिखा जहां बड़े नेता अतिथि के रुप मे पहुंचे थे, वही



आम कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या मे समारोह का साक्षी बनने पहुंचे थे। मंच से अतिथियों ने भाजपा के 5 पार्शदो को भी बधाई दी एवं मिलकर नगर विकास का कार्य करने का संदेश दिया। **ये रहे उपस्थित** कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, ब्लाक अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, बसंत सोनबेर, तोशण साहू, केदार देवांगन, लता सोनबेर, संजय चौधरी, गिरधारी देवांगन, ओंकार महमल्ला, संजय बारले,घनश्याम साहू, मोनू ठाकुर, नरेन्द्र सिन्हा, अंचल साहू, भगवान सिंह मूलचुरिया, भोजराम साहू, दुर्गेराम सिन्हा, धनुश साहू, सोनादेवी देशलहरे, विद्या साहू,यशवंत गोस्वामी, जीवराखन साहू, दीनाराम चेलक, नंदू साहू, राजश्री क्षत्री, कमला सिन्हा सहित कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## फर्जी खाता खुलवाकर लाखों की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्रामीण ने फेसबुक में देखा, केसीनों के लिए खाता खुलवाने पर प्रतिमाह 5000 मिलेगा और ग्रामीण उसके झांसे मे आ गया, कई लोगों के खाता खुलवाए, मिला तो कुछ नही, उल्टे उस पर धोखाधड़ी का मामला बन गया।

बैंक खाता खोलने पर 5,000 रूपये मिलेगा कहकर झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी से पासबुक, एक जप्त किया गया। पीड़ित लोगो के बैंक खाता से 6,31,256 रू अज्ञात व्यक्ति द्वारा जमा करने एवं निकालने से उन बैंक खातों को सीज किया गया।

■ 5 हजार रुपये प्रतिमाह का दिया था लालच

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रेम सिंह देवांगन एवं अन्य ने संयुक्त रूप से रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी पुरानिक देवांगन ने बैंक खाता खोलकर देने पर प्रति माह 5000 रूपए मिलने का झांसा देकर इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा बालोद में बारी–बारी से ले जाकर खाता खोलने के लिए 800–800 रूपए जमा कर खाता खुलवाया। नया सिम नम्बर लेकर बैंक खाता में लिंक करवाकर बैंक से मिले एटीएम कार्ड, एटीएम पिन एवं नए सिम को अपने पास रख लिया। प्रार्थी प्रेमसिंह देवांगन के खाता में कुल 1,55,906 रूपए, सोहन लाल तारम के बैंक खाता में कुल 2,50,007 रूपए, डोमन देवांगन के बैंक खाता में कुल 36,527 रूपए एवं किसुन देवांगन के बैंक खाता में कुल 1,88,816 रूपए अज्ञात व्यक्ति द्वारा जमा करने एवं निकालने से बैंक खाता सीज हो गया। आरोपी पुरानिक देवांगन द्वारा प्रार्थी एवं गवाहों के बैंक खाते की एटीएम कार्ड, एटीएम पिन एवं खाता में लिंक सिंम को रख कर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा– 318(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पत्नी से मारपीट, पति के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** पिता से मारपीट करने पर व्यक्ति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। जिसके बाद महिला ने अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम भटगांव निवासी मेनका महिपाल पति हरिश कुमार महिपाल 30 वर्ष ने पुलिस को बताया कि एक हफ्ता पुर्व मेरे ससुर खुबलाल महिपाल के साथ घरेलु बात को लेकर झगडा विवाद हुआ था, उसी बात को लेकर मेरा पति हरिश कुमार महिपाल दोपहर मे मेरे पिताजी से लडाई झगडा करती हो कहकर गाली गलौज कर मेरे घर से निकल जा मैं तुम्हे घर पर नहीं रखुंगा, तेरा फैसला गांव में करूंगा कहकर मेरा बाल पकडकर जमीन में पटक कर गिरा दिया व हाथ मुक्का व लात से मारा जिससे मेरे चेहरा सिर, दोनो हाथ, कमर में चोट आया है, फिर मेरे पति द्वारा शाम को मुझे मेरे घर से अभी तक घर से नहीं गई हो कहकर पुनः मेरे साडी से मेरे दोनो हाथ व पैर को बांधकर मेरे हथेली व पैर के उपर खडा होकर मसल दिया, जिससे हाथ व पैर में चोट आया है, बेहोशी के हालत में पडी थी, होश आने पर अज्ञात व्यक्ति से लिफ्ट लेकर कलंगपुर अस्पताल गई, स्टाफ को बताने पर कलंगपुर स्टाफ द्वारा डाक्टर नहीं होने पर मैं कलंगपुर से लिफ्ट लेकर शासकीय अस्पताल गुण्डरदेही गई वहां भर्ती रहकर उपचार करायी।

## मजदूरों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर गिधाली संयंत्र के बाहर जन मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

गिधाली स्थित खनन कंपनी के संयंत्र में कार्यरत श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने मंगलवार को व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों कार्यकर्ता और श्रमिक संयंत्र परिसर के बाहर एकत्र हुए और श्रमिकों की सुविधाओं तथा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों ने अपनी समस्याओं को मुखरता से रखते हुए त्वरित समाधान की मांग की। प्रदर्शन के बाद जन मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल और गिधाली संयंत्र प्रबंधन के बीच विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में बसंत रावटे, मूलचंद चंदेल, महेंद्र कुमार गंजिर, भोमराज, पवन कुमार विश्वकर्मा तथा ईश्वर निर्मलकर शामिल थे। बैठक में श्रमिकों की कार्य परिस्थितियों, आवागमन की समस्याओं, पेयजल व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई।

■ बस सुविधा, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था की मांग



### आश्वासन के बाद स्थगित हुआ प्रदर्शन

बैठक समाप्त होने के बाद जन मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने बाहर उपस्थित श्रमिकों और कार्यकर्ताओं को चर्चा की जानकारी दी। प्रबंधन द्वारा मांगों पर विचार करने और समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद संगठन ने फिलहाल आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की। हालांकि संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो आगे व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस विरोध प्रदर्शन में रूपा साहू, घनश्याम, शिशुपाल, सनातन सराफा, नवल चंद्राकर, संजय निषाद, चंद्रशेखर यादव, हितेश साहू, जीवन निर्मलकर सहित जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### श्रमिकों ने रखीं ये प्रमुख मांगें

प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंधन के समक्ष श्रमिकों के लिए नियमित आवागमन हेतु बस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी। उनका कहना था कि दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले श्रमिकों को प्रतिदिन आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संयंत्र परिसर में ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। श्रमिकों का कहना था कि लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों में कार्य करने के दौरान शीतल पेयजल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी श्रमिकों को बरसाती जूते और वर्षा से बचाव के वस्त्र उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। साथ ही संयंत्र परिसर में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही गई। नगर अध्यक्ष महेंद्र कुमार गंजिर ने कहा कि श्रमिक किसी भी उद्योग की रीढ़ होते हैं और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा सुविधाओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि संगठन लंबे समय से श्रमिकों की समस्याओं को उठा रहा है और जब तक उनकी जायज मांगों का समाधान नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि श्रमिक केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि सम्मानजनक कार्य वातावरण की मांग कर रहे हैं। संगठन का उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि श्रमिकों के हितों की रक्षा और समस्याओं का सकारात्मक समाधान है।बैठक के दौरान गिधाली संयंत्र प्रबंधन ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभ्यास ने दिलाई बड़ी उपलब्धि

# आदिवासी अंचल चिखली की चार बेटियों का राज्य आवासीय फुटबॉल अकादमी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर के समीप आदिवासी ब्लॉक के छोटे से ग्राम चिखली की बेटियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और अथक मेहनत के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिखली की चार बालिकाओं का चयन राज्य आवासीय फुटबॉल अकादमी रायपुर के लिए हुआ है। इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का वातावरण है। रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव एवं प्रशिक्षक चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि राज्य आवासीय फुटबॉल अकादमी के लिए कौशल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन 28 एवं 29 अप्रैल 2026 को रायपुर के कोटा मैदान में किया गया था। इस चयन प्रक्रिया में चिखली की 12 बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर कु. लीना, कु. तानिया पोर्ते, कु. प्रियंका गौर तथा कुमुद मरकाम ने चयनकर्ताओं को प्रभावित करते हुए राज्य आवासीय फुटबॉल अकादमी में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की। यह उपलब्धि न केवल इन बालिकाओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे आदिवासी अंचल की खेल प्रतिभा का भी परिचायक है।

प्रशिक्षक चन्द्रशेखर पवार और जगप्रीत संधू के मार्गदर्शन में बालिकाओं ने लगातार अभ्यास किया। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों के जज्बे और समर्पण ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। पहले ही प्रयास में चार बालिकाओं का चयन होना क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

जिला फुटबॉल संघ बालोद के अध्यक्ष सौरभ लुनिया ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि चिखली जैसे ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति बढ़ता उत्साह भविष्य के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग मिलता रहा तो वे आने वाले समय में जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

जिला खेल समन्वयक सपन जेना ने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षक चन्द्रशेखर पवार के समर्पित प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि चिखली से लगातार उभर रही खेल प्रतिभाएं इस बात का प्रमाण हैं कि सही मार्गदर्शन मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी बड़े मंच तक पहुंच सकते हैं।

### उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा

जिला खेल अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि चयनित बालिकाएं अब राज्य आवासीय फुटबॉल अकादमी में रहकर खेल की बारीकियां सीखेंगी। उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं में भागीदारी, शिक्षा, आवास, भोजन तथा खेल सामग्री जैसी सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसका पूरा व्यय शासन द्वारा वहन किया जाएगा। चन्द्रशेखर पवार ने इस सफलता के लिए सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा खेल प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और बच्चों की लगन से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्ष आने वाले समय में क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। चार बालिकाओं के चयन पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, विकासखंड शिक्षा कार्यालय, विद्यालय परिवार, ग्राम पंचायत चिखली, संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुआ।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, सहित विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। इसी तरह बैठक में सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, खनिज विभाग एवं आबकारी विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई।

## खबर संक्षेप

### बीमारी से परेशान अधेड़ ने लगाई फांसी

**भिलाई।** बीमारी से परेशान अधेड़ ने मंदिर परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना उतई थाना क्षेत्र का है पुलिस ने बताया कि ग्राम सेलूद में तारेंद्र बंछोर अपने उपसरपंच रहते हुए शिव मंदिर बनवाया था। वहीं उसने फांसी लगा ली। तारेंद्र ने एक दिन पहले हार्डवेयर शॉप से रस्सी खरीदा था। पड़ोस में बरसी कार्यक्रम में शामिल भी हुआ था। लेकिन उसकी लाश फांसी पर लटकी मिली। मृतक का मोबाइल अनलॉक कर दिया था। परिजन परेशान न हों। मृतक वर्तमान में स्कूल समिति का अध्यक्ष था। मौके से पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। वर्ष 2005 में तारेंद्र बंछोर सेलूद गांव में उपसरपंच था। तभी उसने बाजार चौक स्थित चारबांधा तालाब के पास शिव मंदिर बनवाया था। जिस चंपा के पेड़ में उसकी लाश मिली है। उसे मृतक की लगाया था। ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह मंदिर परिसर में तारेंद्र बंछोर का शव देखने पर पुलिस को सूचना दिया। शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि सांसद विजय बघेल का मृतक समर्थक था।

### घर में घुसकर लूटपाट जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर में घुसकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। घटना नेवई थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि बीआरपी कालोनी स्टेशन मरौदा निवासी रजनीश सिंह मकान में परिवार के साथ रहता है। माह भर पहले पत्नी और पुत्री गृह ग्राम बरहटा थाना विजय राघौगढ जिला कटनी एमपी गए है। पुत्र रावेन्द्र सिंह और मै दोनो वर्तमान में है। एसीसी प्लांट जामुल में पीड़ित काम करता है। रावेन्द्र सिंह बीएसपी प्लांट में ठेकेदारी करता है। 14 जून को बेटा रावेन्द्र सिंह बीएसपी प्लांट में ठेकेदारी पर सेकण्ड शिफ्ट ड्यूटी गया था। पीड़ित जब ड्यूटी से घर लौटा तो दरवाजा भीतर से बंद था। कोई आवाज नही आने पर मकान के दिवाल को कुदकर भीतर प्रवेश किया। बेटा रावेन्द्र सिंह बेहोश हालत में जमीन पर पड़ा मिला। मुंह में कपड़ा ठुसा हुआ था और मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने मकान से सोना चांदी के जेवरात व नगदी तीन हजार लेकर फरार हो गए थे। राघवेन्द्र सिंह को तुरंत उपचार के लिए लेकर गया। उसके बाद पुछने पर उसन बताया कि रात को अज्ञात 3-4 युवक घर में घुसकर मुंह मे कपड़ा बांधकर पहुंचे थे। राघवेन्द्र के सिर पर ठोस वस्तु से मारकर उसे घायल कर फरार हो गए। चोरी हुए सामानों की कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है।

### भीषण गर्मी के बीच स्कूल खोलना बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ : मुकेश

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई शहर के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच स्कूलों को खोलने के निर्णय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह फैसला बच्चों के



स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि भिलाई सहित पूरे दुर्ग जिले में तापमान लगातार ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे मौसम में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाने के लिए मजबूर करना उचित नहीं है। कई विद्यालयों में पर्याप्त पेयजल, शीतल कक्ष और गर्मी से बचाव की समुचित व्यवस्थाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

### नगपुरा में कराया गया योगाभ्यास



**उतई।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगपुरा के द्वारा आउटरीच कार्यक्रम श्री महावीर प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालय नगपुरा में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी जिला दुर्ग के मार्गदर्शन मे यह कार्यक्रम किया गया जिसमे 84 लाभार्थी ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।

**प्रवेश उत्सव : विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं**

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत गणवेश और पाठ्यपुस्तकें भी बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा





शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला झुरहाटोला, संकुल कुआंगोंदी में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत कर शिक्षा के नए सत्र का शुभारंभ किया गया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छगन लाल यदु उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में बी. एस. अंधारे, कन्हैया कोरेटी, घनश्याम कोरेटी, कचारू राम निषाद, श्याम उइके, जोयधा यदु तथा राधिका पटौती मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत झुरहाटोला के सरपंच नोहर सिंह धलनिया तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश्वर सोरी ने की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, अध्यक्ष तथा मंचासीन अतिथियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। बच्चों के चेहरे पर विद्यालय में प्रवेश की खुशी साफ झलक रही थी। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। नई गणवेश और पाठ्यपुस्तकें प्राप्त कर बच्चे बेहद प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में छगन लाल यदु की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए मन लगाकर अध्ययन करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी।

अपने संबोधन में बी. एस. अंधारे ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को संवारने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो बच्चों को सफलता और सम्मान की ऊंचाइयों तक पहुंचाती है।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधान पाठक एस. आर. मरकाम, ए. रमेश, एल. आर. साहू, सत्येन्द्र भारद्वाज, एफ. एस. ठाकुर, सरस्वती कोमारे, आरती गौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शाला प्रवेश उत्सव के पश्चात सभी विद्यार्थियों के लिए विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर, पूरी, मटर-आलू की सब्जी, चावल और दाल परोसी गई। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

उल्लेखनीय है कि इस न्योता भोज का आयोजन ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के सहयोग से किया गया। ग्रामीणों की सहभागिता और शिक्षा के प्रति समर्पण ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। शाला प्रवेश उत्सव ने न केवल बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन बढ़ाया, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की सकारात्मक सोच और सामूहिक जिम्मेदारी का भी प्रेरणादायी संदेश दिया।

# नाली पर किए गए अवैध अतिक्रमण पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




भिलाई निगम ने जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड फौजी नगर में नाली के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।

■ भविष्य में भी अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी राजकुमार द्वारा नाली के ऊपर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। इसके कारण नालियों की नियमित सफाई एवं रखरखाव कार्य प्रभावित हो रहा था, जिससे क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बाधित होने की आशंका बनी हुई थी। मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की गई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद जोन-2 राजस्व विभाग द्वारा जांच कर कार्रवाई की गई।

निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से नाली के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाकर नाली को अतिक्रमण मुक्त कराया। राजस्व अधिकारी ने बताया कि नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है तथा बरसात के दौरान जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसे देखते हुए ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान जोन-2 राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम मौजूद रही। निगम प्रशासन ने नागरिकों से सार्वजनिक भूमि, नालियों एवं शासकीय संपत्तियों पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील करते हुए कहा है कि भविष्य में भी अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## कन्या शाला में किया पौधारोपण



**भिलाई।** कन्या शाला भिलाई तीन में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल मेहता, खिलावन वर्मा, फिरोज फारुखी, शुभम आदि मौजूद थे।

# वरिष्ठजनों का अनुभव और जनता का विश्वास ही विकसित भारत की सच्ची नींव : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मंगलवार को रिसाली स्थित मैत्री कुंज आज़ाद मार्केट में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। विधायक चंद्राकर ने इस दौरान वकील, व्यापारी, किसान, शिक्षक एवं समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों व गणमान्यजनों से आत्मीय भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में शुरू की गई आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी, जनधन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और लाभार्थियों से फीडबैक लिया। चंद्राकर ने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग से सीधा संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों एवं सुझावों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। वरिष्ठजनों का अनुभव और जनता का विश्वास ही विकसित भारत की सच्ची नींव है।

■ विधायक चंद्राकर ने रिसाली आज़ाद मार्केट में किया सघन जनसंपर्क

### डबल इंजन सरकार से हर जन उत्साहित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की भाजपा सरकार गरीब, किसान, महिला और युवा के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना से 70 लाख माताओं-बहनों को हर माह 1000 रुपये, कृषक उन्नति योजना से किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा मिल रहा है।

### अभियान की शुरुआत

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक चल रहे 'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' महाअभियान के तहत अब 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव, बस्ती-बस्ती जाकर बूथ स्तर तक केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाएंगे। हर घर में लाभार्थियों से संपर्क कर योजनाओं जानकारी साझा किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, महामंत्री गुड्डू झा, नेताप्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, रमा साहू, सविता धवस, मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, प्रेमचंद साहू, अजीत चौधरी, खिलेश्वरी ढालेंद्र, संध्या वर्मा, राजेश्वरी पसीने आदि मौजूद थे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं की लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




■ मोदी के 12 साल बेमिसाल विषय पर प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने की प्रेस वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के प्रधान सेवक के रूप में अपने कार्यकाल के 4,399 दिन पूर्ण कर लिए हैं। इस दौरान उन्होंने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को केंद्र में रखकर अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। इसे लेकर विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

भाजपा जिला भिलाई कार्यालय में प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करती विशेष विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पद्मश्री ऊषा बारले ने किया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, बुनियादी ढांचे के विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हितैषी निर्णयों तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि देश आज विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है। भारत आर्थिक, सामरिक और तकनीकी दृष्टि से निरंतर मजबूत हुआ है। वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंह, विरेंद्र साहू, जिला प्रवक्ता विजय सिंह, प्रेमलाल साहू तथा जिला मीडिया सह प्रभारी सूरज जायसवाल सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन



**भिलाई।** पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा फुटकर विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को नगर निगम कार्यालय में आमंत्रित कर योजना का लाभ दिलाने हेतु उनके ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में भरवाए गए। शिविर में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स उपस्थित हुए तथा योजना के प्रति उत्साह दिखाया। नगर पालिका निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जी के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में निगम की टीम द्वारा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल अधिकारी अनिल सिंह द्वारा सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पत्र प्रेषित कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शीघ्र एवं अधिकतम संख्या में प्रदान करने हेतु आवश्यक सहयोग एवं प्राथमिकता देने का अनुरोध किया गया है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नगर निगम द्वारा मुनादी एवं अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए निगम क्षेत्र में प्रतिदिन जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा आगामी दिनों में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी रखा जाएगा।

# बीएसपी में आईटीआई के प्रशिक्षुओं को दिये जाएंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआर-एल एंड डी) विभाग द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), बेरला के मैकेनिक डीजल ट्रेड के 28 प्रशिक्षुओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया गया। यह सत्र 2025-26 के लिए महानिदेशालय प्रशिक्षण (डीजीटी), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रशिक्षुओं को एकीकृत इस्पात संयंत्र के कार्य परिवेश से परिचित कराते हुए उन्हें औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा ।

आईटीआई पाठ्यक्रम के अनिवार्य ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) घटक के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम कक्षा आधारित शिक्षा एवं वास्तविक औद्योगिक कार्यप्रणाली के मध्य समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम की शुरुआत एचआर-एल एंड डी विभाग के इंडक्शन सत्र से हुई। संयंत्र की कार्यप्रणाली, औद्योगिक एवं कार्यस्थल सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के उपयोग, संगठनात्मक कार्य संस्कृति एवं अनुशासन, कच्चा माल प्रबंधन, आयरन मेकिंग, स्टील मेकिंग, रोलिंग मिल संचालन तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव सहुत उप महाप्रबंधक यशवंत सिंह जौहरी, सेक्शन ऑफिसर स्वतंत्र कुमार तथा टेक्निकल एसोसिएट मनीष कुमार अनुभव साझा करेंगे।

## पेज 9 के शेष

### पलारी शपथ ग्रहण...

जीते है। यह बताता है कि ढ़ाई साल में ही सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। दीपक बैज ने कहा चुनाव तक पक्ष विपक्ष होता है, चुनाव परिणाम के बाद अध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि सभी क्षेत्र का समान विकास हो। सभी का पूरा काम हो। ऐसा नही होना चाहिए कि जहां समर्थन नही मिला उसकी उपेक्षा करे। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संगीता सिन्हा ने पलारी को रिटर्न गिफ्ट देते हुए 15 लाख रूपये किकेट बॉक्स निर्माण के लिए देने की घोषणा करते हुए कहा मैं पलारी की जनता को आशक्त करती हूं कि जनता की उम्मीदो पर हम खरा उतरेंगे। संगीता सिन्हा ने महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा महिलाओं ने महतारी वंदन को नकारते हुए कांग्रेस को चुना है। यह बताता है कि प्रदेश की सरकार उनका भी विश्वास खो चुकी है।

### फर्जी खाता खुलवाकर ...

में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी पुरानिक देवांगन को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर उसने बताया कि अपने मोबाईल के फेसबुक एप्लीकेशन पर रिल्स वीडियो देख रहा था तभी रिल्स के स्क्रीन पर कैसिनो गेम के लिए बैंक खाता देने पर प्रति माह 5000 रूपए मिलेगा जिसके लिए सम्पर्क करने मोबाईल नं. 9303757275 लिखा था, जिसमे सम्पर्क करने पर कैसिनो गेम के लिए बैंक खाता देने पर प्रति माह 5000 रूपए मिलेगा बताए। तब इन्होने प्रार्थी एवं अन्य लोगो को बारी–बारी से अपने साथ इंडियन ओवरसिज बैंक शाखा बालोद में ले जाकर बचत खाता खोलने के लिए 800–800 रूपए बैंक में जमा कर खाता खुलवाया था एवं चारो के नाम से नया सिम लेकर बैंक खाता में लिंक करवाया था। बैंक से खाता खुलने के समय तत्काल सभी का एटीएम कार्ड एवं एटीएम पिन मिला था, जिसे अपने पास रखकर कोरियर के माध्यम से विकास ग्राम बम्हनी खेरा तहसिल व जिला पलवल(हरियाणा) के पते पर भेजा एवं खाता खोलने के लिए रूपया लगेगा बोलने पर छ.ग. ग्रामीण बैंक शाखा दुधली में संचालित अपने बैंक खाता में बारी–बारी से कुल 5000 रूपए भेजा था। आरोपी से छ.ग. ग्रामीण बैंक शाखा दुधली में संचालित बैंक खाता क्र. 7032046823 की पासबुक, मोबाईल सिम को जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में आरोपी ग्राम कोरगुड़ा थाना व जिला बालोद निवासी पुरानिक देवांगन पिता चेतन लाल देवांगन 34 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

### श्रमिकों ने रखीं ...

प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि प्रस्तुत मांगों को उच्च स्तर पर भेजकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि श्रमिकों से जुड़ी सभी उचित मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। प्रबंधन का कहना है कि श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा संस्था की प्राथमिकता है तथा प्राप्त सुझावों और मांगों का परीक्षण कर यथासंभव आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

### 21 जून को होगी ...

पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल प्रबंधकों द्वारा जांच हेतु बस उपलब्ध नहीं कराए जाने पर अधीनस्थ संचालित स्कूल बसों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# महिला संविदा कर्मियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग (टीएसडी) द्वारा महिला संविदा कर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, कल्याण तथा कार्यस्थल पर उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए टीएसडी कॉन्फ्रेंस हॉल में नई चेतना जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कामहाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास थे उन्होंने । उन्होंने कर्मियों से अपने दायित्वों का निर्वहन करते समय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

कार्यशाला में महिला स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, कानूनी अधिकार, उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा लाभ तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम (पॉश एक्ट) से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी शुभश्री प्रशांत ने महिला स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता पर जागरुक किया। उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया ने पॉश अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। राजेश मौर्य ने कानूनी अधिकारों, उचित मजदूरी एवं संबंधित प्रावधानों पर प्रकाश डाला। जीएम के. सुपर्णा द्वारा योग एवं ध्यान करवाया। जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक के. संगीता ने किया ।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** शराब का अवैध परिवहन करते हुए तीन युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से शराब परिवहन कर बेचने के लिए युवक खडे थे। तभी पुलिस ने अहिवारा बायपास स्थित ग्राम संडी मोड़ मेन रोड पर घेराबंदी युवकों को पकड़ा गया। आरोपी ग्राम पिरदा, भिंभौरी, जिला बेमेतरा निवासी ताम्रध्वज ध्रुव, ग्राम डूमरजावेद टंडन बाइक समेत पकड़ा गया। उसके पास से 255 पौवा अंग्रेजी मदिरा शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में जूपिटर वाहन से शराब ले जाते ग्राम मलपुरीखुर्द निवासी राजकुमार बंजारे को पकड़ा गया। उसके पास से 50 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जब्त सामानों की कीमत 1.86 लाख रुपए आंकी गई है।

### गांजा तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार, 5.51 किग्रा गांजा जब्त

**भिलाई।** स्कूटी में अवैध रुप से गांजा तस्करी करते दो युवकों को



पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवाला शिवधाम के पास स्थित खाली मैदान में दो युवक स्कूटी सीजी 07 सीटी 3666 में सफेद रंग की बोरी रखकर अवैध रूप से गांजा तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम दुर्गा मंदिर नदगईया पारा, खुर्सीपार निवासी रोहित देवांगन, नदगईया पारा, खुर्सीपार दश पासवान बताया है। दोनों के पास से पुलिस ने पॉलीथिन पैकेट से 5.518 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 2,79,100 रुपये आंकी गई है। नगदी 4,200 रुपये जब्त किया है। पुलिस ने मौके से एक कीपैड मोबाइल, ओप्पो रेनो मोबाइल,स्कूटी सीजी 07 सीटी 3666 को जब्त किया है।

### दुकान का ताला तोड़कर नगदी पार करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** दुकान का ताला तोड़कर नगदी पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोहका, भिलाई निवासी मोह. जुनैद नामक युवक को पकड़ा गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने नगदी 99 हजार 500 रुपए जब्त किया है। पुलिस में शिकायत दुर्गा मंदिर जामुल निवासी ओम प्रकाश साहू ने किया था। 14 जुलाई की सुबह पीड़ित अपनी दुकान खोलकर कुछ दूरी पर गया था। वापस लौटने पर दुकान के ड्रॉज का ताला टूटा पड़ा मिला। जिसमें रखे गए नगदी 1.23 लाख रुपये गायब मिला था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों का फुटेज की जांच कर संदेही मोह. जुनैद तक पहुंच पाई। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## जर्जर स्कूल भवन से 105 विद्यार्थियों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा, ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश








**जामगांव आर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरपा का भवन हुआ जर्जर, 105 विद्यार्थियों का भविष्य से होने लगा खिलवाड़, शासकीय हाईस्कूल सुरपा जनभागीदारी अध्यक्ष प्रमोद जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पिछले साल भी मिडिल स्कूल भवन जर्जर होने की जानकारी शिक्षा विभाग को दिया जा चुका है। शिक्षा सत्र 2025–26 निकल गया, नवीन शिक्षा सत्र 2026–27 प्रारंभ हो गया, किंतु जर्जर भवन को ठीक करने में शिक्षा विभाग ने कोई रुचि नहीं दिखाई। प्रस्ताव भेजने की जानकारी विभाग से मिली थी लगता प्रस्ताव रद्दी की टोकरी में चला गया। शिक्षा विभाग की गैर जिम्मेदाराना रवैया से ग्रामीण पालकों में रोष पनपने लगा है।जर्जर भवन के कारण किसी बच्चे को नुकसान हुआ तो शिक्षा विभाग को आक्रोशित पालकों का सामना करना भारी पड़ सकता है। आशंकित अनहोनी घटना से बचने के लिए जर्जर भवन को त्वरित व्यवस्थित करने की मांग शासकीय हाई स्कूल सुरपा में अध्यक्ष प्रमोद जैन सुरपा दुर्गेश रजक, युवा नेता भारतीय जनता पार्टी किशोर सेन, बूथ अध्यक्ष किशोर यादव, लोकेश्वर रजक, अशोक पटेल, बूथ अध्यक्ष देवानंद देवांगन, रिगेश्वर सिन्हा, नरेन्द्र कुमार धरमगुड़ी सहित ग्रामीणों ने किया है।

### विरोध : आदिवासी समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

## सीमांकन विवाद ने पकड़ा तूल: राजस्व अधिकारियों से कथित गाली-गलौज का मामला गरमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- आदिवासी समाज ने जताई नाराजगी

दल्लीराजहरा क्षेत्र के आशा टॉकीज में सीमांकन कार्य के दौरान राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आदिवासी समाज के लोगों के साथ कथित गाली-गलौज एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद आदिवासी समाज एवं विभिन्न संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है।

शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार जैन द्वारा थाना राजहरा में दर्ज कराई गई शिकायत में गोविंद वाधवानी सहित अन्य लोगों पर गाली-गलौज, धमकी और विवाद करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार सीमांकन कार्य के दौरान राजस्व अमले की मौजूदगी में विवाद हुआ था।

आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों का आरोप है कि घटना के दौरान आदिवासी युवक और आदिवासी महिला के साथ भी अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है



कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि आगामी 20 जून को आयोजित होने वाली सर्व आदिवासी समाज की बैठक में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

अपर कलेक्टर सी.के. कौशिक ने कहा कि प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। यदि शासकीय कार्य में बाधा, अभद्र व्यवहार अथवा कानून व्यवस्था प्रभावित करने जैसी स्थिति सामने आती है तो उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अनुविभागीय दंडाधिकारी सुरेश साहू ने बताया कि घटना के संबंध में राजस्व विभाग से विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है। रिपोर्ट के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने कहा कि सीमांकन कार्य शासकीय प्रक्रिया के तहत किया जा रहा था। घटना के संबंध में उपलब्ध वीडियो और प्रतिवेदन का परीक्षण किया जा रहा है। यदि किसी शासकीय अधिकारी या कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार अथवा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को भेजा जाएगा।

सीएसपी विकास पाटले ने कहा कि पुलिस को प्राप्त शिकायतों एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएगा, उनके अनुसार उचित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

रोहित मामला आदि लोगों ने कहा कि यदि आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ अपमानजनक व्यवहार हुआ है तो मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। समाज ने स्पष्ट किया है कि न्याय नहीं मिलने की स्थिति में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

गोविंद वाधवानी ने कहा मामले में जिन पर आरोप लगाए गए हैं, उनका पक्ष भी महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि वे जांच में पूरा सहयोग करेंगे और जो भी तथ्य हैं, वे जांच के दौरान सामने आ जाएंगे। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## ग्राम फुलझर में हुआ बीजारोपण कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पर्यावरण संरक्षण गतिविधि बालोद द्वारा ग्राम फुलझर में बीजारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता जिला सहकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बालोद विनोद कुमार साहू रहे। संघ के शताब्दी वर्श पर पंच परिवर्तन में एक विशय पर्यावरण संरक्षण है, पर्यावरण के प्रति इस तरह की जागरूकता और सक्रियता न केवल स्थानीय स्तर पर, बलिक भविष्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस कार्यक्रम के मुख्य पहलुओं के तहत जागरूकता का प्रसार करते हुए कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संतुलन, वृक्षारोपण के लाभ और जैव विविधता के संरक्षण के बारे में शिक्षित करना सकारात्मक कदम है। बीजारोपण के तहत केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि बीजारोपण करना पर्यावरण को पुनर्जीवित करने का एक प्राकृतिक और टिकाऊ तरीका है। सामुदायिक सहभागिता के तहत ग्राम फुलझर के मिलन स्थल पर आयोजन होने से स्थानीय लोगों के बीच सामंजस्य बढ़ा है और पर्यावरण संरक्षण को एक जन–आंदोलन का रूप मिला है। ऐसे कार्यक्रमों से न केवल पर्यावरण को लाभ मिलता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ और हरा–भरा भविष्य भी सुरक्षित होता है इस कार्यशाला में मुख्य रूप से चन्द्रप्रकाश साहू, नकुल साहू, मुरली साहू, बद्री प्रसाद यादव, जयंत देशमुख, नीलकंठ साहू, हरिकिशन साहू, गरिमा साहू, अंजना साहू उपस्थित थे।

### आंचल महिला संकुल संगठन बना आधिकारिक वेंडर

## महिलाओं को मिला नया रोजगार, अब सोलर पैनल लगाएंगी 'सोलर दीदी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- प्रशिक्षण में दी गई तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी

जिले में अब महिलाएं भी सोलर पैनल लगाने का कार्य करेंगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने महिला समुह को आधिकारिक वेंडर के रूप में पंजीकरण किया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में बालोद जिले के गुरूर विकासखंड में एक ऐतिहासिक पहल की गई है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में 17 जून को जनपद सभागार गुरुर मे 'आंचल महिला संकुल संगठन' को योजना के तहत आधिकारिक वेंडर के रूप में पंजीकरण की प्रक्रिया की गई है। इसके पश्चात आज संगठन की सदस्य महिलाओं को विस्तृत तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस पहल के बाद आंचल महिला संकुल संगठन अब क्षेत्र में सौर ऊर्जा (सोलर पैनल) स्थापना, प्रचार–प्रसार और उससे जुड़ी सेवाओं में सीधे तौर पर भागीदारी कर सकेगा। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्व–सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए आय के नए और स्थायी स्त्रोत खुलेंगे। सहायक परियोजना अधिकारी नितेश साहू ने बताया कि आयोजित इस प्रशिक्षण मे मुख्यतः महिलाओं को सोलर पैनल के कार्य सिद्धांत, क्षमता और स्थापना से जुड़ी बुनियादी जानकारियों से अवगत कराया गया। सूर्य घर योजना के पोर्टल पर उपभोक्ताओं का पंजीकरण करने, आवेदन प्रक्रिया को समझने और वेंडर ऐप के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता और बैंक लोन की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से समझाया गया, जिससे महिलाएं ग्रामीणों को आसानी से जागरूक कर सकें। प्रशासन का उद्देश्य महिलाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। आंचल संकुल संगठन का वेंडर के रूप में चयन इस दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय अधिकारियों और विशेषज्ञों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी नितेश साहू, वेंडर रजिस्ट्रेशन हेतु राज्य नोडल महेश जायसवाल, सहायक अभियंता सीएसईबी तथा ब्लॉक परियोजना प्रबंधक लक्ष्मी ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही आंचल महिला संकुल संगठन की पदाधिकारी एवं समूह की महिलाएं प्रशिक्षण में शामिल हुईं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के साथ साथ बिहान समूह महिलाओं को सोलर दीदी के रूप मे स्थापित भी करना है।

## काले बादलों के बीच हुई हल्की बारिश...



**बालोद।** बुधवार को काले घने बादलो के बीच शाम को जिला मुख्यालय में हल्की बारिश देखने को मिली। दिन भर तेजधूप तथा गर्मी के बीच शाम होते होते आसमान में काले बदल नजर आए, जिसके बाद देर शाम हल्की बूंदा बांदी के बीच लोगो को हल्की बारिश से मानसून आगमन के संकेत मिलते दिखे। वही जिलेवासी जल्द बारिश की आस में लगे है। जहां लोगों का मानना है कि तीन चार अच्छी बारिश से ही गर्मी से छुटकारा मिल सकता है।

### सट्टापट्टी लिखकर जुआ संचालन करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टापट्टी लिखकर जुए का संचालन करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी शमित मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिरसा खुर्द स्थित छोटे तालाब के पास महिला सट्टा लेकर सट्टापट्टी लिख रही थी। पुलिस ने दबिश देकर सिरसा खुर्द चौकी जेवरा सिरसा निवासी शेख ईद बी को गिरफ्तार किया। महिला के पास से 14 सट्टा पट्टी, नगदी रकम 4,900 रुपये और डॉट पेन बरामद किया गया। महिला के खिलाफ छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## संतश्री माताजी को दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूजः बालोद/निकुम/अण्डा

जय शक्ति आश्रम निकुम तीर्थराज देवी निकुंभला धाम के संचालक एवं संस्थापक संतश्री माताजी की अंतिम यात्रा 17 जून को दोपहर 12 बजे जय शक्ति आश्रम, निकुम से श्रद्धा और भक्ति के माहौल में निकाली गई। इस दौरान क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

संतश्री माताजी के अंतिम संस्कार गृह ग्राम निकुम के मक्तीधाम में किया गया।

संतश्री माताजी के अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही आश्रम परिसर में लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि



अर्पित करते नजर आए। अंतिम यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रहा और लोगों की आंखें नम दिखाई दीं।

अंतिम यात्रा में क्षेत्र के कई ग्रामीण नेता, पंचायत प्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी पहुंचे और संतश्री माताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ने उनके धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा।

संतश्री माताजी के अंतिम यात्रा में ये लोग शामिल थे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, बालमुकुंद देवांगन, दुर्ग जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, दाऊ बिरेन्द्र दिल्लीवार, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख,योगिता चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, कुलदीप देशमुख, मोहन भारदीय, नन्दकुमार साहू, गोपाल चक्रधारी, भूपेंद्र वर्मा, मुरली, रोशन लाल देशमुख, भूवन लाल देशमुख सरपंच आलबरस, भागवत पटेल सरपंच निकुम सहित आस पास के ग्रामीण जन हंजारो की संख्या में उपस्थित थे।

संतश्री माताजी ने अपने जीवनकाल में जय शक्ति आश्रम के माध्यम से धर्म, सेवा और मानव कल्याण के अनेक कार्य किए। उनके मार्गदर्शन में कई धार्मिक आयोजन, सेवा कार्य और जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित होते रहे। उनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। अंतिम यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ यह दर्शाती है कि लोगों के दिलों में उनके प्रति कितनी गहरी श्रद्धा और सम्मान है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी बने मुकेश बेलचंदन

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा जारी नवीन सूची में बालोद जिले के लिए मुकेश बेलचंदन को जिला



सह प्रभारी नियुक्त करने पर दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग के अध्यक्ष राकेश हरमुख एवं अन्य पदाधिकारी गण अतुल देशमुख, राकेश देशमुख, भुनेश्वर देशमुख खिलेश्वर देशमुख,महिला अध्यक्ष केवरा देशमुख, सुनीता देशमुख, रुक्मणी देशमुख,लीला देशमुख, कविता देशमुख युवा अध्यक्ष नवनीत देशमुख, लीलेश्वर दिल्लीवार, नवीन देशमुख,गोकुल देशमुख मानसिंह देशमुख, एवं नितेश देशमुख, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, नागेश देशमुख,सुरेश देशमुख,तोमेश्वर गौतम एवं सलाहकार पंकज बेलचंदन, दीपेंद्र देशमुख,उत्तम देशमुख व दीप्ती सुकतेल, मंजू देशमुख,बबिता देशमुख, चित्रलेखा देशमुख, अमिता हरमुख ने बधाई दी।

### विषय चयन रुचि और क्षमता के अनुरूप हो : शिवेन्द्र बहादुर

**डौंडीलोहारा।** कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थियों के सामने कक्षा 11वीं में विषय चयन का महत्वपूर्ण चरण आता है। यह निर्णय केवल आगामी दो वर्षों की पढ़ाई तक सीमित नहीं होता, बल्कि उच्च शिक्षा, करियर और भविष्य की दिशा तय करने में भी अहम भूमिका निभाता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विषय चयन करते समय सबसे अधिक महत्व विद्यार्थी की रुचि, स्वाभाविक योग्यता और उसकी आंतरिक जिज्ञासा को दिया जाना चाहिए। कई बार विद्यार्थी मित्रों के प्रभाव, सामाजिक धारणाओं या पारिवारिक दबाव में विषय चुन लेते हैं, जिससे आगे चलकर पढ़ाई उनके लिए बोझ बन जाती है।

### रानीतराई थाना प्रभारी से परेशान प्रधान आरक्षक ने एसएसपी से लगाई गुहार

**पाटन।** थाना रानीतराई के प्रभारी से प्रधान आरक्षक चालक परेशान हो रहा है। इसे लेकर एसएसपी, एसडीओपी से लिखित में गुहार लगाया है। पत्र में प्रधान आरक्षक चालक 994 दीप्तेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी कमल सेंगर उसे गाली गलौज करता है। जान से मारने तक की धमकी दी गई है। प्रभारी के इस हरकत से लगातार प्रधान आरक्षक परेशान हो रहा है। आरोप है कि थाना प्रभारी तीन बार आर्थिक रुप से नुकसान कराने के लिए गैर हाजिर बैक डेट में डलवा कर वेतन कटवाने का धमकी भी दिया करते है। प्रधान आरक्षक ने बताया कि इतना ही नहीं बल्कि गोली मारने तक की धमकी भी दिया करते है। पीड़ित को और स्टाफ को भी गाली गलौज किया करते है। थाना प्रभारी के इस हरकत से प्रधान आरक्षक लगातार परेशान और डरा सहमा है। परिवार में उसकी मां है जिसकी देखरेख वहीं करता है। इसके अलावा मां का कोई नहीं है। थाना प्रभारी लगातार इस तरह से प्रधान आरक्षक को परेशान करने से अन्य थाना में पोस्टिंग करने की गुहार एसएसपी और एसडीओपी से किया है।

### दिनभर तपी ट्विनसिटी शाम को हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

**भिलाई।** ट्विनसिटी दिनभर तपा। शाम 5 बजे शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। पिछले कई दिनों से प्री मानसून का इंतजार लोग कर रहे हैं। रिसाली, मरोदा और सेक्टर एरिया में हल्की बारिश हुई है वहीं पटरीपार केवल बूंदाबादी की स्थिति देखी गई। वहीं कई क्षेत्र में केवल आसमान पर बदली छाई रही। इस तरह दो तरह का मौसम से लोगों का सामना हुआ। ट्विनसिटी का पारा मंगलवार को दो डिग्री सेल्सियस कम रहा। एक दिन पहले सोमवार को पारा 40 डिग्री सेल्सियस से पार चला गया था। मौसम विभाग ने आने वाले पांच दिनों तक पारा में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक घट-बढ़ होने की संभावना जताई है।

## प्रवेश उत्सव : खीर-पूरी के साथ नए सत्र की शुरुआत

# शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



शास प्राथमिक शाला कंजेली संकुल केंद्र मंगलतराई में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच कौशल्या ठाकुर एवं विशेष अतिथि जनपद पंचायत डौण्डी के उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम उपस्थित रहे। इसके अलावा पंचगण, एसएमसी, पालक, विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम ने नवप्रवेशी बच्चों को कक्षा में प्रवेश दिलाते हुए उनका गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से बच्चों को कॉपी एवं पेंसिल भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर भोलाराम नेताम ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, स्वच्छता बनाए रखने, पढ़ाई के प्रति सजग रहने, प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने तथा अनुशासित जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने पालकों से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा विद्यालय के विकास में सहयोग एवं सुझाव देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में एसएमसी उपाध्यक्ष आरती दुग्गा, स्मार्ट माता रंजीता गोटा, पंच दशमत नेताम एवं युवा समिति की ओर से देवकी नेताम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, स्वच्छता का पालन करने और मन लगाकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। साथ ही पालकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने एवं समय-समय पर शाला के कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

शिक्षकों की ओर से राजेश कुमार प्रजापति ने विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरी लगन के साथ अध्ययन में जुटने का संदेश दिया। प्रधान पाठक ममता सोनेश्वर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों, पालकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं, गणवेश एवं पुस्तकों में हुए परिवर्तनों, विद्यालय के परीक्षा परिणाम तथा कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों से विद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा बच्चों की शिक्षा के प्रति जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने का आह्वान किया।

### न्योता भोज में खीर-पूरी का वितरण

शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर मध्यान्ह भोजन समूह द्वारा न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विद्यालय के स्वच्छक परदेशी राम एवं समूह के सदस्यों ने विद्यार्थियों सहित उपस्थित सभी अतिथियों, पालकों एवं ग्रामीणों को खीर-पूरी परोसकर नए शैक्षणिक सत्र की मिठास भरी शुरुआत कराई। कार्यक्रम का समापन उत्साह, उमंग और शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा के साथ हुआ।

## भरर विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**जामगांव आर।** ग्राम भरर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला कांन्फ्रेस हाल मे बाल देवो भवः को चरितार्थ करते हुए मां सरस्वती की आराधना के साथ नव प्रवेशी छात्र छात्रओं को जो कि तीनों स्तर प्राथमिक पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक के छात्र छात्रओं का स्वागत करते हुए मुंह मीठा कराया गया। पुस्तक, पेन, शाला गणवेश वितरित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरूण चन्द्राकर, पूर्व सरपंच छबि लाल साहू ने भी संबोधित किया। शाला प्रमुख प्राचार्य भारतीय राव, सरपंच कौशिल्या साहू, सांसद प्रतिनिधि द्रोण चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि नारद चन्द्राकर, दिनेश नागरिया, महेन्द्र निर्मलकर, नोकेश चंद्राकर, पुरूषोत्तम चन्द्राकर, श्रवण कुमार बंजारे, ग्राम घोरारी से एवं शाला परिवार उपस्थित रह कर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## प्राथमिक शाला गंजपारा में उत्साहपूर्वक मनाया शाला प्रवेशोत्सव





**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला गंजपारा, बालोद में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहनी यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने नवप्रवेशी एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बच्चों का मुंह मीठा कराया तथा नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक भगवती सिन्हा, सीएसी राकेश कुमार भेड़िया, सहायक शिक्षक लीना देहारी, एसएमसी अध्यक्ष किरण कौशिक, उपाध्यक्ष राज बाई सहित कांति, निर्मला, केशवरी साहू, राजेश्वरी, सोनिया, दीप्ति मांडवी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं शाला गणवेश वितरित किए गए। वहीं नवप्रवेशी बच्चों को अग्रवाल कलेक्शन की ओर से स्कूल बैग, पेंसिल, रबर एवं पानी की बोतल प्रदान की गई। शाला प्रवेशोत्सव के उपलक्ष्य में मध्यान्ह भोजन संचालिका अंजनी नितीश कोशरिया द्वारा विशेष नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों ने सहभागिता निभाई। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए नए शिक्षा सत्र को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक शुरुआत बताया।

### नए शिक्षा सत्र की अनोखी शुरुआत

## मां ने तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर बच्चों को भेजा स्कूल



**गुण्डरदेही।** इस बार 55 दिवस की लंबी छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर बच्चे एक आत्मविश्वास और मुस्कान के साथ अपना लक्ष्य पाने पढ़ने जाने हेतु तैयार हो गए, ग्राम किलेपार मे स्कुल के नए शिक्षा सत्र 2026–27 के पहले दिन एक मां अपने तीनो बच्चो का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर कर स्कुल के लिए रवाना किया। मां ने उन्हें नियमित स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया और अनुशासन का महत्व बताया, साथ ही मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। तस्वीर शासकीय उच्च. माध्य.विद्यालय भाठागांव आर के छात्रें का है, मां अपने बच्चों को प्रथम दिवस स्कूल भेजते समय आरती व तिलक लगाकर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए स्कूल के लिए विदा किए।

## शासकीय हाईस्कूल जगतरा में मनाया शाला प्रवेशोत्सव नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक किया स्वागत



**गुरूर।** शासकीय हाईस्कूल में जगतरा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया है। जिसमें 17 जून को शासकीय हाईस्कूल जगतरा में संयुक्त रूप से शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला का सत्र 2026–27 का नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत अभिंनंदन किया गया।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन भगवान दास मरचूरिया एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर प्रभात ध्रुवे, शिक्षाविद प्रभुलाल यादव शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, पालकगण, ग्रामवासी, प्राचार्य एमएल.ठाकुर, केएस. कटेन्द्र, आरके.सिन्हा, लीना हांडे, आरके.ध्रुवे, एस.दादर एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे। मुख्य अतिथितियों के द्वारा बच्चों को नियमित शाला आने, अनुशासन में रहने, शाला के नियमों का पालन करते हुए गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया गया। शाला के व्याख्याता के.एस.कटेन्द्र ने लगातार तीन वर्शों से दसवी बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम की समीक्षा करते हुए छात्रें को उचित दिशा निर्देश दिए। व्याख्याता लीना हांडे ने अपने व्याख्यान में पालको से बच्चों के घर पर पढ़ाई का ध्यान देने एवं उनकी नियमित उपस्थिति के लिए दिशा निर्देश देते हुए शाला की विशेषताओं का उल्लेख किया। अंत में शाला के प्राचार्य एमएल.ठाकुर द्वारा बच्चों को शिक्षा के उदेश्य से अवगत कराते हुए बेहतर शिक्षा एवं नैतिक चरित्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल से तिलक लगाकर पुस्तक वितरण किया गया।

## शौर्य चक्र विजेता भोजराम साहू का गृहग्राम में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अदम्य साहस, अटूट संकल्प और असाधारण वीरता का परिचय देने वाले शौर्य चक्र विजेता राइफलमैन

■ शौर्य चक्र विजेता भोजराम साहू ने साझा किए वीरता के अनुभव

भोजराम साहू का उनके गृह ग्राम ढोरी ठेमा में तहसील साहू संघ दल्लीराजहरा द्वारा आत्मीय एवं गरिमामय सम्मान किया गया। संघ के अध्यक्ष शीतल कुमार साहू के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने भोजराम साहू को शाल, श्रीफल तथा समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा का तैलचित्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर गोविंद राम साहू, खूबलाल साहू तथा राजेश कुमार साहू सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान भोजराम साहू ने राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया शौर्य चक्र उपस्थित जनसमुदाय को दिखाया। कठिन घड़ी में उनके मन में केवल एक ही संकल्प था किसी भी कीमत पर देशविरोधी तत्वों का सफाया करना। उपस्थित लोगों को उन्होंने गोली लगने के निशान भी दिखाए, जिसे देखकर सभी उनकी वीरता और राष्ट्रभक्ति के प्रति सम्मान से भर उठे। राष्ट्रपति द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर उन्हें शौर्य चक्र प्रदान करने की घोषणा की गई थी। इसके तहत 9 जून 2026 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें देश के प्रतिष्ठित वीरता सम्मान शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल साहू समाज का ही नहीं, बल्कि पूरे अंचल का गौरव है। भोजराम साहू ने अपने साहसिक कार्य से क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने भोजराम साहू के पिता रामेश्वर साहू सहित परिवार के अन्य सदस्यों को भी बधाई देते हुए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में गर्व, सम्मान और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## कृषक उन्नति योजना से बदली किसान की किस्मत, बंजर भूमि को बनाया उपजाऊ खेत



**बालोद।** राज्य शासन की कृषक उन्नति योजना किसानों के जीवन में न केवल आर्थिक समृद्धि ला रही है, बल्कि उन्हें कृषि के प्रति नए उत्साह से भर रही है।

इसका एक जीवंत और प्रेरक उदाहरण जिले के ग्राम रेंगाडबरी में देखने को मिला, जहाँ एक किसान ने धान की अच्छी कीमत मिलने से उत्साहित होकर अपनी बंजर भूमि को भी कड़ी मेहनत से कृषि योग्य जमीन में तब्दील कर दिया है। ग्राम रेंगाडबरी के निवासी और प्रगतिशील किसान थान सिंह साहू मुख्य रूप से अपनी 05 एकड़ कृषि भूमि पर खेती–किसानी का कार्य करते आ रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा जब कृषक उन्नति योजना लागू की गई और धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर करने से थान सिंह जैसे हजारों किसानों की उम्मीदों को पंख लगा दिए। योजना के तहत मिले इस मुनाफे और बढ़े हुए दाम ने थान सिंह की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की। खेती में लाभ देखकर उनका कृषि के प्रति रुझान और अधिक बढ़ गया। धान के बढ़े हुए रेट से प्रेरित होकर थान सिंह ने एक बड़ा कदम उठाया। उनके पास कुछ ऐसी भूमि भी थी जो लंबे समय से बंजर और अनुपयोगी पड़ी थी। खेती में अब नुकसान की बजाय सुनिश्चित लाभ देखकर, उन्होंने उस बंजर जमीन को सुधारने का निर्णय लिया। अपनी कड़ी मेहनत, योजनाबद्ध तरीके और शासन से मिले आर्थिक संबल के दम पर उन्होंने उस बंजर धरती को भी समतल और उपजाऊ बनाकर कृषि योग्य भूमि में बदल दिया है। अब वे उस भूमि पर भी फसल उगाने की तैयारी कर रहे हैं। अपनी इस सफलता और जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का श्रेय थान सिंह साहू राज्य सरकार की नीतियों को देते हैं। साहू का कहना कि पहले खेती में लागत निकालना मुश्किल होता था, लेकिन अब 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान बिकने के कारण किसानों की मेहनत का सही मोल मिल रहा है। सरकार के इस फैसले ने हम किसानों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है और हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

## महाविद्यालय बेलौदी में मनाई गई वीर सावरकर जयंती, विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा का दिया संदेश



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेलौदी में राष्ट्रभक्त, स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर चिंतक वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने वीर सावरकर के जीवन, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सुधार एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शोंर् से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रावीण्यलता मार्कण्डेय ने वीर सावरकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. बिसनाथ कुमार साहू ने राष्ट्र निर्माण में वीर सावरकर के योगदान को रेखांकित किया तथा उनके विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता बताई। डॉ. गोकुल राम ने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। उपस्थित सभी जनों ने वीर सावरकर के आदशोंर् को आत्मसात करने तथा राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### संस्कार, सत्य और आत्मनिर्माण का संदेश

## मधुर साहित्य परिषद की रजत जयंती की तैयारियां शुरू, कोबा में परिचर्चा और काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद द्वारा परिषद के आगामी स्थापना दिवस को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाने की तैयारियों के तहत ग्राम कोबा के युवा कवि एवं मंच संचालक लालेश्वर साहू 'अरुणाभ' के संयोजन में ग्राम पंचायत भवन कोबा में परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना तथा गुमान साहू द्वारा छत्तीसगढ़ वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ। परिचर्चा सत्र में परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परिषद के 25वें स्थापना वर्ष को रजत जयंती के रूप में भव्य एवं यादगार ढंग से मनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा कर सुझाव प्रस्तुत किए।परिचर्चा के पश्चात आयोजित काव्य गोष्ठी में विभिन्न रचनाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्राम मटेवा के गुमान साहू ने मानसून, कृषि और किसान जीवन की चुनौतियों को स्वरबद्ध रचना के माध्यम से प्रस्तुत किया। संबलपुर निवासी वीरेंद्र कुमार 'अजनवी' ने मां के त्याग, संघर्ष और ममता को अपनी कविता में अभिव्यक्त किया। वनांचल ग्राम खल्लारी से आए कामता प्रसाद देशलहरा ने मानवीय मूल्यों एवं श्रेष्ठ कर्मों के महत्व पर आधारित कविता सुनाई। धनगांव के युवा कवि, गीतकार एवं छंदविद् तोषण चुरेन्द्र 'दिनकर' ने बेटी के ससुराल जीवन में प्रेम और अपनत्व की भावनाओं को गीत के माध्यम से व्यक्त किया। रायपुरा के जनकवि देवनारायण नगरिहा ने ग्रामीण अंचलों की विलुप्त होती पुरानी परंपराओं और वस्तुओं को स्मरण कराते हुए विकास की दौड़ में खोती सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। परिषद के महासचिव देव जोशी 'गुलाब' ने वर्तमान परिवेश में संस्कारों के क्षरण की चिंता व्यक्त करते हुए सवैया छंद का पाठ किया। वहीं हास्य-व्यंग्य शैली में प्रेम प्रसंगों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक 'आकाश' ने सत्य की महत्ता को प्रतिपादित करती गीतिका छंद की प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।

कोचेरा के युवा कवि कन्हैया लाल बारले ने युवाओं को आत्मविश्वास, परिश्रम और आत्मनिर्माण का संदेश देती कविता प्रस्तुत की। गोष्ठी की अंतिम कड़ी में लालेश्वर साहू 'अरुणाभ' ने अपनी कविता के माध्यम से कहा कि संस्कार बोझ नहीं, बल्कि मर्यादित और श्रेष्ठ जीवन जीने की कला हैं। अंत में लालेश्वर साहू 'अरुणाभ' ने सभी अतिथियों, कवियों एवं उपस्थित साहित्यप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज